वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 337 शनिवार 6 अप्रैल 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## राज्यपाल मिश्र को कलाकार ब्रजराज राजावत ने चित्र–कथाओं का सेट भेंट किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राज्यपाल कलराज मिश्र को शुक्रवार को यहां राजभवन में कलाकार, चित्र–कथाकार ब्रजराज राजावत ने मुलाकात कर अपनी सृजित चित्रकथाओं की पुस्तकों का सेट भेंट किया। राज्यपाल मिश्र को राजावत ने चित्रकथा पुस्तकें 'राष्ट्र नायक सुभाष चन्द्र बोस', 'राष्ट्र उन्नायक आचार्य शंकर', 'वीर सावरकर' और 'रानी पद्मिनी और गोरा–बादल' की प्रतियां भेट करते हुए अपने इस लेखन और कलाकर्म के बारे में भी जानकारी दी। राज्यपाल ने चित्रकथा पुस्तकों की सराहना की। राजावत ने बताया कि चार पुस्तकों के इस सेट में आजादी आंदोलन में सुभाष चन्द्र बोस की रही भूमिका, आदि शंकराचार्य की भारतीय संस्कृति को रही देन के संदर्भ में उनके जीवन आलोक, इतिहास के पन्नों पर दर्ज पद्मिनी और चित्तौड़ की वीरांगनाओं के जौहर, गोरा बादल की वीरता के साथ ही वीर सावरकर की राष्ट्र भक्ति के संदर्भ में शोध कर चित्र–कथाओं का सृजन किया गया है। इनमें इतिहास के प्रमुख तथ्यों को पर्याप्त शोध कर चित्रों के साथ कथाओं में गूंथा गया है। राज्यपाल को पुस्तक भेंट करने के दौरान साहित्यिक संस्था 'आखर' के संयोजक प्रमोद शर्मा और फिल्मकार सुरेश मुदगल भी उपस्थित रहे। सभी ने संस्कृति से जुड़े रहने की बात कही।

## मुख्यमंत्री शर्मा ने जनसंघ से जुड़े 8 कार्यकर्ताओं के परिवारों को सम्मानित किया



**सीकर. कासं**

सीकर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सुमेधानंद सरस्वती की समर्थन में हुई जनसभा को सीएम भजनलाल शर्मा ने संबोधित किया। लक्ष्मणगढ़ में रामलीला मैदान में हुई सभा में मुख्यमंत्री ने आपातकाल के दौरान जनसंघ से जुड़े 8 कार्यकर्ताओं के परिवारों को सम्मानित किया। जनसभा को संबोधित करते हुए भजनलाल शर्मा ने कहा- मैं यहां कार्यक्रम में देरी से पहुंचा, क्योंकि इससे पहले चूरू में कार्यक्रम था और वहां बारिश हो गई। वर्तमान में खेतों में कटाई का समय चल रहा है लेकिन इसके बावजूद भी बड़ी संख्या में यहां लोग पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबी से निकले हुए हैं। इसलिए वह आज हर वर्ग की सोचते हैं। शेखावाटी का किसान और जवान दोनों 50 डिग्री तापमान और माइनस टेम्प्रेचर में भी खेतों और देश की सीमा पर काम करते हैं। सीएम ने कहा- कांग्रेस ने राजस्थान को भ्रष्टाचार के अलावा कुछ भी नहीं दिया है। उन्होंने कहा- किसान ब्याज पर पैसा लेकर अपने बच्चों को पढ़ाता है। उन्हें कोचिंग भी करवाता है। जिस दिन पेपर होता है उस दिन बच्चे अपने पिता को विश्वास दिलाते हैं कि वह जरूर नौकरी में सिलेक्ट होंगे, लेकिन जब पेपर लीक होता है तो किसान और उसके बच्चे दोनों के ही सपने टूट जाते हैं।

# पीएम नरेंद्र मोदी आज पुष्कर में चुनावी जनसभा को करेंगे संबोधित

### एक लाख से अधिक लोगो की आने की संभावना,उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी समेत भाजपा नेताओं ने डाला डेरा

**अजमेर/पुष्कर. शाबाश इंडिया**

लोकसभा चुनाव 2024 में पहली बार प्रधानमंत्री अजमेर व नागौर के प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को सम्बोधित करने के लिए शनिवार को पुष्कर आएंगे। इस सभा से भाजपा अजमेर व नागौर लोकसभा क्षेत्रों को साधने का प्रयास करेंगे। मोदी की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने पूरे इंतजाम कर लिए हैं तो भारतीय जनता पार्टी ने भी इस संबंध में समस्त तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शनिवार को दोपहर करीब 12 बजे हेलीकॉप्टर से मेला मैदान के पीछे बने हुए हेलीपैड पर उतरेंगे। जहां उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, प्रेमचंद बैरवा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, अजमेर के प्रत्याशी भागीरथ चौधरी, नागौर की प्रत्याशी ज्योति मिर्धा सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद वे वहां से सीधे



मेला मैदान जाएंगे जहां चुनावी सभा को सम्बोधित करेंगे। सभा को प्रदेश अध्यक्ष जोशी, प्रत्याशी भागीरथ चौधरी व ज्योति मिर्धा आदि भी संबोधित करेंगे। सभा में नागौर व अजमेर संसदीय सीट के चार हजार बूथों के कार्यकर्ता व मतदाता शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा को लेकर प्रशासन और पुलिस हाई अलर्ट पर है तो वहीं मेला क्षेत्र से हेलीपैड तक किले बंदी करके चप्पे चप्पे पर सुरक्षाकर्मी तैनात किये गए हैं। वहीं अजमेर से दिल्ली तक की सुरक्षा एजेंसियां भी अलर्ट मोड पर नजर है। पीएम सभा को लेकर सभा स्थल पर भव्य मंच के साथ-साथ आमजन के लिए तीन बड़े डोम तैयार किए गए हैं। शुक्रवार को प्रदेश उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, प्रदेश महामंत्री व विधायक जितेंद्र कुमार गोठवाल, देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना, जिला प्रभारी बीरम देव सिंह, अजमेर देहात जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा, शहर जिलाध्यक्ष रमेश सोनी, अजमेर नगर निगम के उप महापौर नीरज जैन समेत वरिष्ठ भाजपा नेताओं मौजूद रहे। भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताआं के साथ स्थानीय नेता प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से अधिक से अधिक भीड़ जुटा कर पीएम मोदी की सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए रूपरेखा तैयार कर रहे हैं।

# विवेक विहार दिगंबर जैन मंदिर में हुआ संगीतमय भक्तामर पाठ का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर विवेक विहार में आदिनाथ जयंती के अवसर पर शाम को मंदिर परिसर में संगीतमय भक्तामर पाठ का आयोजन किया गया। युवा समाजसेवी भाजपा नेता एवं पूर्व जॉइंट सेक्रेटरी नरेश जैन मेड़ता ने बताया कि आदिनाथ जयंती के अवसर पर शाम को आरती के पश्चात मंदिर प्रांगण में राजस्थान के सुप्रसिद्ध गायक संजय जैन लाडनूं एवं टीम द्वारा संगीतमय भक्तामर पाठ मैं प्रस्तुति दी । इस अवसर पर भक्तामर पाठ के हर कड़े में सभी मंदिर प्रांगण में उपस्थित जनसमूह भक्ति के रस में झूमने लगे । संजय जैन लाडनू एवं उनकी टीम के द्वारा भक्तामर पाठ में भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गई ।इस मौके पर समाज के सभी सदस्यगण मौजूद रहे।







भगवान महावीर के 2623वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयन्ती तक

राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर एवं

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर की प्रेरणा से

मुख्य प्रायोजक R K GROUP WONDER CEMENT

सह प्रायोजक ARL Infratech Ltd.

सह प्रायोजक समाचार जगत

रक्तदान जीवन दान

श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर मधुबन कॉलोनी एवं

जय जिनेन्द्र महिला मण्डल एवं सेवार्थ संगठन द्वारा आयोजित

सेहुल कासलीवाल की पुण्य स्मृति में

विशाल रक्तदान शिविर

रविवार, 7 अप्रैल 2024
प्रात : 9 से 1 बजे तक

मुख्य समन्वयक : राजेश छाबड़ा, जितेन्द्र पाटौदी
संयोजक : के सी जैन, मनोज रांवका

स्थान : श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर मधुबन, किसान मार्ग, टोंक फाटक, जयपुर

क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करे और करवाये।।

श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर मधुबन प्रबन्ध समिति
अनिल टोंग्या, अध्यक्ष — अनिल छाबड़ा, मंत्री

पुण्यार्जक परिवार
श्रीमती माणक देवी जी, श्री दिलीप जी -कामिनी जी, श्री किशोर जी-अरुणा जी, श्री सुनील जी-नीरा जी,अभिनव जी-रुचि जी, अनिकेत जी-सृष्टी जी, अनुराग जी-विशाखा जी, निखिल जी-आयुषी जी, विनिशा, अन्वी, वान्या, ओजस्वी कासलीवाल (फागी वाले)

जय जिनेन्द्र महिला मण्डल
उषा छाबड़ा, अध्यक्ष — मंजू पहाड़िया, मंत्री

# विश्व जैन ध्वज दिवस पर देश विदेश के जैन बंधुओं के घर, ऑफिस, जैन मंदिर, धर्मशाला, चिकित्सालय आदि पर जैन धर्म का अभिमान पचरंगा जैन झंडा लगाया गया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन धर्म और जैन समुदाय की प्रभावना को कटिबद्ध पंजीकृत विश्व व्यापी संस्था सामूहिक जिनेन्द्र आराधना संस्था फेडरेशन के आव्हान पर जैन धर्म के प्रथम तीर्थकर भगवान आदिनाथ जी के जन्म कल्याणक के अवसर पर आदिनाथ जयंती के अवसर पर विश्व जैन ध्वज दिवस मनाया जाता है। इस दिन साधर्मी बंधु विश्व जैन ध्वज दिवस पर जैन घरों, संस्थाओं के भवन और प्रतिष्ठान पर जैन ध्वज लगाए। फेडरेशन के अध्यक्ष राकेश गोधा, महामंत्री धीरज पाटनी और कोषाध्यक्ष संजय काला के अनुसार गत कई वर्षों से सामूहिक जिनेन्द्र आराधना संस्था के आह्वान पर जैन धर्म आदिनाथजी के जन्म कल्याणक के पहले दिन विश्व जैन ध्वज धर्मावलम्बी अपने जिन मन्दिरों, जैन धर्मशाला, जैन भवन, जैन शिक्षण संस्थानों के विश्व जेन प्रभावना दिवस भवनों पर और अपने-अपने निवास स्थान पर आओ, जैन धर्म का प्रचार करें। भगवान आदिनाथ जी की जयकारे के साथ जैन ध्वज लगाकर विश्व जैन ध्वज दिवस मनाते हैं तथा जैन ध्वज को लगाकर सत्य, अहिंसा और भाईचारे को जीवन में अंगीकार करने की भावना भाते हैं।




भगवान महावीर के 2622वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयन्ती तक

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर एवं

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के तत्वावधान में

मुख्य प्रायोजक R K GROUP — सह प्रायोजक ARL Infratech Ltd. — सह प्रायोजक समाचार जगत

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप संगिनी फॉर एवर एवं

प्रबन्ध कार्यकारिणी समिति, दिगम्बर जैन मन्दिर, जनकपुरी द्वारा

रक्तदान जीवन दान — **रक्तदान शिविर** — GIVE BLOOD GIVE LIFE

रविवार, 7 अप्रैल 2024
प्रात: 9 से 1 बजे तक

स्थान: संयम भवन, दिगम्बर जैन मंदिर, जनकपुरी, जयपुर

क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करे और करवाये।।

दीप प्रज्ज्वलनकर्ता: श्रीमती चन्द्रप्रभा जी शाह
चित्र अनावरणकर्ता: श्री विजय जी, राकेश जी, राजेश जी
विशिष्ठ अतिथि: श्री रमेश-राज चौधरी
संयोजक: अलका सेठी, शीला सेठी, उर्मिला जैन, अनिता बिंदायका

पदम बिलाला अध्यक्ष, देवेन्द्र कासलीवाल मंत्री — प्रबन्ध कार्यकारिणी समिति मन्दिर जी

शकुंतला-महावीर प्रसाद बिंदायका अध्यक्ष, सुनीता-रमेश गंगवाल सचिव, उर्मिला-राकेश जैन कोषाध्यक्ष, अनिता-कैलाश बिंदायका सयोजंक — दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप संगिनी फॉर एवर (शिविर आयोजक)

अमित शाह अध्यक्ष, प्रतीक जैन मंत्री — जैन युवा मंच

## वेद ज्ञान

# समझौता है शांति का आधार

समझौता एक सामान्य शब्द है, लेकिन बड़े-बड़े वैमनस्य, शत्रुता और परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने में इसका कोई जवाब नहीं है। आज की जीवन प्रणाली में तनाव और चिंता इतनी बढ़ गई है कि मनुष्य का मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है। हमारी इच्छाओं और कामनाओं के अलावा इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों ने दुनिया से तो नजदीकियां बढ़ा दी हैं, लेकिन परिवार से दूरियां बढ़ती जा रही हैं। सुख-समृद्धि की अंधी दौड़ और खंडित व्यक्तित्व के कारण व्यक्ति तनाव और चिंता में रहता है, जिससे क्रोध और अनर्गल भाषा का प्रयोग उसकी आदत बन जाती है। इसका परिणाम टूटते संबंधों एवं बिखरते परिवारों के रूप में दिखता है। इस विघटनकारी स्थिति से मुक्त होने के लिए जो जैसा है, उसे वैसा ही स्वीकार करके जीने से जीवन का भार कम हो जाता है। इसी संबंध में रूस के प्रसिद्ध दार्शनिक टॉलस्टाय का कहना है कि मनुष्य सबसे अधिक यातना अपने विचारों से ही भोगता है। किसी भी प्रतिकूलता का प्रतिकार या तिरस्कार करने से वह घटती नहीं, बल्कि कई गुना बढ़ जाती है। आज जरूरत इस बात की है कि व्यक्ति अपनी भौतिकतावादी दृष्टि के स्थान पर आध्यात्मिक दृष्टि का विकास करे। दूसरों के साथ व्यवहार करते समय आग्रह-बुद्धि का त्याग करें, दूसरों के विचारों को सुनें, समझें एवं शांति और धैर्य के साथ सही तथ्यों के आधार पर निर्णय लें। जीवन में घटने वाली घटनाओं, संबंधों और परिस्थितियों के साथ अहं का परित्याग कर समझौतावादी दृष्टिकोण अपनाएं। समझौते की प्रवृत्ति को लोग भीरुता का पर्याय समझते हैं, लेकिन यह शांतिपूर्ण ढंग से जीवन जीने की कला है। हमें दूसरों की समस्याओं, नजरियों व विचारों को समझने का प्रयास कर उचित सम्मान देना चाहिए। किसी मध्यबिंदु पर आकर समझौता करना चाहिए। इस वृत्ति को बढ़ावा देने से हम अपने पारिवारिक जीवन की समस्याओं को सुगमता से सुलझा सकते हैं। विवाह-विच्छेद, आत्महत्या, हत्या आदि सभी के पीछे आवेग और दूसरों की बातों को समझने की चेष्टा का अभाव होता है। अहं को त्यागकर समझौता करना महानता का परिचायक होता है।

## संपादकीय

# मुश्किल दौर में लोकतंत्र को अपना काम करने दिया जाए

भारत में चुनावी सरगर्मी के दौर में सत्ता में आने, सत्ता बचाने और सत्ता छीनने की तेज जद्दोजहद के बीच दिल्ली उच्च न्यायालय की यह टिप्पणी सुखद और स्वागतयोग्य है कि लोकतंत्र को अपना काम करने दिया जाए। दरअसल, दिल्ली उच्च न्यायालय ने भ्रष्टाचार के आरोप में पिछले महीने हुई गिरफ्तारी के बाद अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग वाली तीसरी याचिका को खारिज कर दिया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अगुवाई वाली पीठ ने दिल्ली के उप-राज्यपाल को किसी तरह की सलाह देने से भी मना कर दिया है। केजरीवाल के खिलाफ दायर की गई इन याचिकाओं की दलील है कि अदालत दिल्ली के उप-राज्यपाल को निर्देशित करे और मुख्यमंत्री का इस्तीफा लिया जाए। वास्तव में, पद न छोड़ने या पद से हटाने की राजनीति कतई अदालती विषय नहीं है। किसी भी नेता को किसी पद से हटाने की अपनी स्थापित परंपराएं हैं, उन परंपराओं में अदालती हस्तक्षेप से न्यायपालिका और विधायिका के बीच विवाद की स्थिति बन सकती है। अतः अदालत के रुख की प्रशंसा होनी चाहिए और जो लोग केजरीवाल को हटाने के पक्ष में हैं, उन्हें जिम्मेदार राजनीतिक आकाओं पर दबाव बनाना चाहिए। नैतिकता का सवाल अलग-अलग ढंग से किसी नेता को परेशान करता है और नेता अलग-अलग ढंग से इस सवाल का जवाब देते हैं। नैतिकता का प्रश्न केवल नेताओं को ही नहीं, बल्कि



राजनीतिक पार्टियों को भी परेशान करता है। अब के दौर में जो चलन है, उसके अनुसार, राजनीतिक पार्टियां अपने मतदाताओं के मानस को समझकर ही फैसला लेती हैं। आम आदमी पार्टी में भी चुने हुए सभी विधायक यदि अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाए रखने के पक्ष में हैं, तो उन्हें ऐसा करने का हक है। उन्होंने निश्चित ही इस बड़े फैसले के लाभ-हानि पर विचार किया होगा। ऐसे में, उच्च न्यायालय ने उचित ही इशारा किया है कि ह्यउप-राज्यपाल को हमारे मार्गदर्शन की जरूरत नहीं है। हम उन्हें सलाह देने वाले कोई नहीं हैं। उन्हें कानून के अनुसार, जो भी करना होगा, वह करेंगे। कहना न होगा, जिस देश में चार करोड़ से ज्यादा मामले अदालत में लंबित हों, वहां राजनीति को अपने हर झगड़े के निपटारे के लिए कोर्ट का दरवाजा नहीं खटखटाना चाहिए। न्यायालय या न्यायपालिका की अपनी सीमा है और राजनीति से जुड़ी नैतिकता की दुहाई देते हुए न्यायालय पहुंचने की परिपाटी हमारी समग्र व्यवस्था के अनुकूल नहीं है। एक सुखद पहलू है कि इस देश में नैतिकता के सवाल पर पहले अनेक राज्य सरकारें बर्खास्त हुई हैं, पर इधर सरकारों की बर्खास्तगी के प्रति केंद्र सरकार में संवेदना बढ़ी है, तो यह लोकतंत्र की परिपक्वता का भी एक प्रमाण है। सरकारों को मर्जी से नहीं, बल्कि संविधान से प्रेरित होना चाहिए। ध्यान रहे कि अरविंद केजरीवाल को कथित शराब नीति घोटाले के सिलसिले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था और वह अपनी लड़ाई अदालत और अवाम के बीच बड़ी मुखरता से लड़ रहे हैं।

**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# जानने का हक

पिछले दिनों देश की शीर्ष अदालत ने एक जनहित याचिका का संज्ञान लेते हुए चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया नोटिस में अदालत ने चुनाव आयोग से पूछा कि भारत की चुनाव प्रणाली में इस्तेमाल की जाने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और उसके साथ जुड़ी वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट मशीन का शत प्रतिशत मिलान क्यों न किया जाए? चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने की दृष्टि से याचिकाकर्ता की इस मांग को उचित मानते हुए सर्वोच्च अदालत ने ये नोटिस जारी किया। विपक्षी दलों द्वारा इस मिलान की मांग काफी समय से की जा रही है, परंतु न तो चुनाव आयोग और न ही शीर्ष अदालत ने इन मांगों पर ध्यान दिया। सभी को यही लगता था कि जब भी विपक्ष चुनाव हारता है तभी ईवीएम पर शोर मचाता है। ऐसा नहीं है कि किसी एक दल के नेता ही ईवीएम की गड़बड़ी या उससे छेड़-छाड़ का आरोप लगाते आए हैं। इस बात के अनेकों उदाहरण हैं जहां हर प्रमुख दलों के नेताओं ने कई चुनावों के बाद ईवीएम में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। चुनाव आयोग की बात करें तो वो इन आरोपों का शुरू से ही खंडन कर रहा है। आयोग के अनुसार ईवीएम में गड़बड़ी की कोई गुंजाइश ही नहीं है। 1998 में दिल्ली, राजस्थान और मध्य प्रदेश के विधान सभा की कुछ सीटों पर ईवीएम का इस्तेमाल हुआ था, परंतु 2004 के आम चुनाव में पहली बार हर संसदीय क्षेत्र में ईवीएम का पूरी तरह से इस्तेमाल हुआ। 2009 के चुनावी नतीजों के बाद इसमें गड़बड़ी का आरोप भाजपा द्वारा लगा। गौरतलब है कि दुनिया के 31 देशों में ईवीएम का इस्तेमाल हुआ परंतु खास बात यह है कि अधिकतर देशों ने इसमें गड़बड़ी कि शिकायत के बाद वापस बैलट पेपर के जरिये ही चुनाव किए जाने लगे। वीवीपैट व्यवस्था के तहत वोटर डालने के तुरंत बाद कागज की एक पर्ची छपती है। इस पर्ची पर वोटर द्वारा जिस उम्मीदवार को वोट दिया गया है, उनका नाम और चुनाव चिह्न छपा होता है। इससे वोटर को इस बात की संतुष्टि हो जाती है कि उसने जिसे वोट दिया उसी को वोट मिला। इसके साथ ही किसी भी तरह के विवाद की स्थिति में ईवीएम में पड़े वोटों का इन पर्चियों से मिलान भी किया जा सके। 2013 में वीवीपैट को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और इलेक्ट्रॉनिक कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा बनाया गया था। 2014 में चुनाव आयोग ने यह निर्णय लिया कि 2019 के आम चुनावों में सभी ईवीएम के साथ वीवीपैट का इस्तेमाल हो। ईवीएम में गड़बड़ी की आशंका को दूर रखने की मंशा से फिलहाल हर निर्वाचन क्षेत्र की किसी भी 5 रैंडम ईवीएम का ही वीवीपैट से मिलान होता है। याचिका में मांग की गई कि चुनाव आयोग ने लगभग 24 लाख वीवीपैट खरीदने के लिए 5 हजार करोड़ रुपए खर्च किए हैं, परंतु केवल 20,000 वीवीपैट की पर्चियों का ही मिलान होता है। जनता के कर से दिए गए पैसों से बनी इन मशीनों का जब सभी मतदान केंद्रों पर इस्तेमाल होता है तो इसका मिलान करने में दिक्कत क्या है? आखिर मतदाता को इस बात की जानकारी लेने का पूरा हक है कि उसके द्वारा दिए गए वोट, उसी के द्वारा चुने गए उम्मीदवार को मिले किसी अन्य को नहीं। याचिका में कहा गया है कि चुनाव न केवल निष्पक्ष होना चाहिए बल्कि निष्पक्ष दिखना भी चाहिए क्योंकि सूचना के अधिकार को भारत के संविधान के आर्टिकल 19 (1) (ए) और 21 के संदर्भ में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का हिस्सा माना गया है। कोर्ट ने इसी अधिकार के तहत इस याचिका को स्वीकार किया और नोटिस जारी किया। जब भी कभी कोई प्रतियोगिता होती है।



॥ श्री महावीराय नमः ॥
॥ श्री नेमीनाथाय नमः ॥
॥ श्री विद्यासागराय नमः ॥
भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव के शुभ अवसर पर
श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन समाज समिति द्वारा
GUD MISHRI
विशाल रक्तदान, नि:शुल्क चिकित्सा एवं जाँच शिविर
स्थान: वर्धमान भवन, श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन समाज समिति, नेमीसागर कॉलोनी, वैशाली नगर, जयपुर
दिनांक: रविवार, 7 अप्रैल, 2024, समय: प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक
रक्तदान शिविर:- दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर
एवं दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में
शिविर उद्घाटनकर्ता
PREETI CHANDRA IPS
ETERNAL HOSPITAL
नि:शुल्क जाँच
Blood Pressure, Blood Sugar
ECG, BMD & BMI
नि:शुल्क
हेलमेट
वितरण
Always Wear a Helmet
ETERNAL HOSPITAL स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स द्वारा प्रस्तुत सेवाएँ
Dr. Kush Kumar Bhagat
Cardiology
Dr. Satyamvada Pandey
Gynaecologist
Dr. Shubhangi Gupta
ENT
Dr. Kartika Upadhyay
Physiotherapy
Dr. Abhishek Goyal
Paediatric
Dr. Himanshu Roat
General Medicine
Dr. Dharmendra
Ophthalmology
डेंटिस्ट
डॉ. आर. एस. शर्मा
श्रीनाथ डेन्टल एण्ड इम्पलांट सेंटर
डॉ पीयूष त्रिवेदी
एक्यूप्रेशर नाड़ी विशेषज्ञ
डॉ. संगीता जैन
होमियोपैथी
प्राणिक हीलिंग उपचार
संस्थान - द आस्था लाइट
हीलर - अम्बिका शर्मा, हीलर - कविता सांनी
संयोजक:-
जयकुमार-मंजू बड़जात्या, पूनम-अनिता ठोलिया, संजय-पूजा पाटनी, नीरज-कुसुम पहाड़िया,
विकास-निशा कासलीवाल, गौरव-अनुश्री अजमेरा, नितिन-प्रिया ठोलिया, विपिन-वंदना गोधा,
अमित-दीपिका गंगवाल, सौरभ-दीपिका बड़जात्या, मोहित-दिव्या बड़जात्या, रिषभ-अस्मिता बड़जात्या
संरक्षक
हंसराज गंगवाल
गजराज गंगवाल
अध्यक्ष
जे. के. जैन
(कालाडेरा)
उपाध्यक्ष
अनिल जैन
(धुआं वाले)
मंत्री
प्रदीप निगोतिया
संयुक्त मंत्री
संजीव कासलीवाल
कोषाध्यक्ष
एन के जैन
कार्यकारिणी सदस्य:-
पूनम ठोलिया, राजेश गंगवाल, राजेन्द्र सेठी, वीरेन्द्र गोधा, अशोक झांझरी,
विकास पाटनी, सुभाष अजमेरा, नीरज पहाड़िया, मंजू देवी सेठी, किरण जैन
आयोजक एवं निवेदक :- श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन समाज समिति, सम्पर्क सूत्र :-9829081559
HEALTHY BREAKFAST SPONSOR
All Products Made In Gud & Mishri
We Use Desi Ghee
We Use Whole Wheat/Millets
No Food Colours
GUD MISHRI
BRANCHES
Janta Colony
Adarsh Nagar, Jaipur
Mobile : 9887771744
University Marg
Bapu Nagar, Jaipur
Mobile : 9887771745
M.I. Road, Opp. Ganpati Plaza, Jaipur,
Mobile : 9887771741
Vaishali Nagar,
Queens Road, Jaipur
Mobile : 9887771742

भगवान महावीर के 2622वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयन्ती तक

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर एवं
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के तत्वावधान में

मुख्य प्रायोजक R K GROUP WONDER CEMENT | सह प्रायोजक ARL Infratech Ltd. | सह प्रायोजक समाचार जगत

# जौहरी बाजार दिगम्बर जैन महिला समिति द्वारा

# रक्तदान शिविर

रक्तदान जीवन दान | GIVE BLOOD GIVE LIFE

रविवार, 7 अप्रेल 2024
प्रातः 9 से 1 बजे तक

स्थान:- बंजी ठोलिया की धर्मशाला
हल्दियों का रास्ता, जौहरी बाजार, जयपुर

क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करे और करवाये।।

डॉ. शीला जैन — अध्यक्ष
पुष्पा सौगानी — मंत्री
जौहरी बाजार महिला समिति जयपुर

सम्मानीय अतिथि
श्री श्रवण कुमार, सुनील, सौरभ गोदिका
श्री राकेश लुहाड़िया, श्री शैलेश पांड्या

संयोजक
श्रीमति नीरा लुहाड़िया, तरुणा संघी,
विध्या कासलीवाल, सुधा वैद्य,
ममता शाह, उमा पाटनी, कविता अजमेरा
एवं समस्त महिला समिति की सदस्याएं



भगवान महावीर के 2622वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयन्ती तक

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर एवं
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के तत्वावधान में

मुख्य प्रायोजक R K GROUP WONDER CEMENT | सह प्रायोजक ARL Infratech Ltd. | सह प्रायोजक समाचार जगत

# अग्रवाल प्रोपर्टीज (jaipurflat.com) द्वारा

# रक्तदान शिविर

रक्तदान जीवन दान | GIVE BLOOD GIVE LIFE

रविवार, 7 अप्रेल 2024
प्रातः 11 से 2 बजे तक

स्थान:- अग्रवाल प्रोपर्टीज,
NRI जंक्शन, महल रोड, जगतपुरा

क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करे और करवाये।।

अशोक अग्रवाल — पार्टनर — 9414097469
राकेश संघी — संयोजक — 9950880055
मुरारी लाल कुशवाहा — पार्टनर — 8104400200

वेद प्रकाश शर्मा 9950766663
अशोक कुमार 9950662244
महावीर वैष्णव 9950766662
योगेश शर्मा 9950770055
भवानी शंकर 9950766664
रोहित गोस्वामी 9950721902
सुरेन्द्र शास्त्री 9828126629
महावीर कुशवाहा 9414277595
दीपक कुशवाहा 6377735385
ध्रुव अग्रवाल 9950721901

भगवान महावीर के 2622वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयन्ती तक

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर एवं

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के तत्वावधान में

मुख्य प्रायोजक R K GROUP WONDER CEMENT | सह प्रायोजक ARL ARL Infratech Ltd. | सह प्रायोजक समाचार जगत

श्री वर्धमान दिगम्बर जैन समिति

एस एफ एस राजावत फार्म, मानसरोवर द्वारा

रक्तदान जीवन दान

रक्तदान शिविर

GIVE BLOOD GIVE LIFE

रविवार, 7 अप्रैल 2024

प्रात: 9 से 1 बजे तक

स्थान:- श्री दिगम्बर जैन मंदिर

एसएफएस राजावत फार्म, मानसरोवर

क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करे और करवाये।।

कमलेश कुमार-सुशीला जी, हितेश-अनिता, भावेश- हितांशी कासलीवाल (फागी वाले)

डॉ. राजेश काला अध्यक्ष, सौभाग मल जैन महा मंत्री — श्री वर्धमान दिगम्बर जैन समिति

मनोज काला अध्यक्ष, जिनेन्द्र जैन मंत्री — श्री वर्धमान दिगम्बर जैन युवा मण्डल

उर्मिला पाटनी अध्यक्ष, आशा जैन मंत्री — श्री वर्धमान दिगम्बर जैन महिला मण्डल

संदीप गंगवाल, विकास जैन — संयोजक



भगवान महावीर के 2622वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयन्ती तक

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर एवं

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के तत्वावधान में

मुख्य प्रायोजक R K GROUP WONDER CEMENT | सह प्रायोजक ARL ARL Infratech Ltd. | सह प्रायोजक समाचार जगत

दिगम्बर जैन महासमिति सी ईकाई एवं

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप मैन जयपुर द्वारा

रक्तदान जीवन दान

रक्तदान शिविर

GIVE BLOOD GIVE LIFE

रविवार, 7 अप्रैल 2024

प्रात: 9 से 1 बजे तक

स्थान:- मंगलधाम, टोडरमल स्मारक,

मंगल मार्ग, बापू नगर, जयपुर

क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करे और करवाये।।

हीरा चन्द बैद अध्यक्ष, कैलाश बख्शी संयोजक, राकेश संघी मंत्री — दिगम्बर जैन महासमिति सी ईकाई

दीप प्रज्ज्वलनकर्ता सीए श्री प्रदीप-सरोज जैन

धनु कुमार जैन अध्यक्ष, हीरा चन्द बैद मंत्री, प्रदीप कुमार जैन कोषाध्यक्ष — दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप मैन



Ananta World School

Admission Open, for Contact: 9602013013

Add.: A-6, Calgiri Main Road, Malviya nagar, jaipur

# सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो: एम्बीशन मतदाता जागरूकता अभियान

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सांगानेर एसडीएम हिम्मत सिंह एवं सांगानेर नगर निगम डीसी डॉ जीएल शर्मा के द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत सांगानेर के विभिन्न विद्यालयों की सम्मिलित रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य लोकसभा आम चुनाव 2024 में सांगानेर के आम जनों में मतदान की प्रति जागरूकता पैदा करना था। इस कार्यक्रम का संयोजन सांगानेर सिटी के सीबीईओ ओम प्रकाश विजय के द्वारा किया गया। इस कडी में श्योपुर रोड स्थित एम्बीशन किड्स एकेडमी विद्यालय द्वारा भी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सूचना एवं जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली में एम्बीशन किड्स के साथ एम्बीशन का स्टाफ भी मौजूद था। सर्वप्रथम संस्थान अध्यक्ष डॉ. एम एल. जैन मणि द्वारा रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। प्राचार्या डॉ अलका जैन ने बच्चों को चुनाव का महत्व समझाया। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न नारे लगाते हुए जोश के साथ श्योपुर के मुख्य बाजार में भ्रमण किया। सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो। आओ मिलकर अलख जगाएं, शतप्रतिशत मतदान कराएं। आन बान और शान से सरकार बने मतदान से। एश्ट से देंगें वोट, कहते हैं डंके की चोट। उम्र 18 पूरी है मतदान करना जरूरी है। डालें वोट बूथ पर जाएं। लोकतंत्र का पर्व मनाएं। वोट देना कर्तव्य भी अधिकार भी। चाहे नर हो या नारी। वोट देना सबकी जिम्मेदारी। प्रजातंत्र से नाता है। हम भारत के मतदाता है। नन्हे-मुन्हे बालकों को विभिन्न प्रकार के नारे लगाते हुए देखकर श्योपुर रोड से गुजरने वाला ट्राफिक भी मानो थम सा गया। उपाचार्य अनिता जैन ने बच्चों व स्टाफ को शत प्रतिशत वोटिंग करवाने के लिए मोटिवेट किया तथा इस अवसर पर समस्त विद्यार्थियों ने शपथ ली कि वे अपने माता पिता एवं अन्य परिवारिक सदस्यों को 19 अप्रेल को होने वाले चुनाव में शत प्रतिशत वोटिंग करवाने के लिए संकल्प करते हैं।





# जिन मंदिर पाप काटने के साधन: गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर विवेक विहार, जयपुर(राज.) में विराजित परम पूजनीय भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका रत्न 105 गुरुमां विज्ञाश्री माताजी संपूर्ण जयपुर में धर्म की महती प्रभावना कर रही है। गुरु भक्तों के द्वारा जिनाभिषेक का आयोजन किया गया। गुरुमां के मुखारविंद से अखण्ड शांतिधारा का उच्चारण हुआ। तत्पश्चात धर्म सभा का आयोजन हुआ। भक्ति रस में डुबकी लगाने वाले श्रावकों ने मंगलाचरण का आनंद लिया। माताजी ने सभी को धर्मोपदेश देते हुए कहा कि - मंदिर, देव शास्त्र गुरु पाप जोड़ने के नहीं बल्कि पाप काटने के साधन है। यदि कही भी पाप हम पाप करते है तो उसे जिनधर्म से काटते हैं और यदि जिनायतन में करते हैं तो उसे नहीं काटा जा सकता। अतः मंदिर में दया का भाव रखें और शांति को हृदय में धारण करें। जयपुर समाज के लिये आह्वान करते हुए माताजी ने कहा कि आगामी महावीर जयंती में संपूर्ण जयपुर जैन समाज को एकता का संदेश देते हुए सामूहिक रूप से महावीर जयंती का जुलूस निकाल कर संपूर्ण भारत वर्ष में एकता का परिचय देना है। सायंकाल में जिनेन्द्र भगवान की आरती, पूज्य गुरुमां की आरती कर भक्तगण फूले नहीं समाए।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# फागी कस्बे में आचार्य 108 श्री सुनील सागर जी महाराज ससंघ का गाजे-बाजे के साथ हुआ भव्य मंगल प्रवेश

## मनुष्य में बुराइयां देखना चाहते हो तो दुखी रहोगे, तथा अच्छाइयां ढूंढोगे तो सुखी रहोगे : आचार्य सुनील सागर



**फागी. शाबाश इंडिया**

फागी कस्बे में आचार्य 108 श्री सुनील सागर जी महाराज ससंघ का आज प्रातः 8:00 कस्बे में जयकारों के साथ गाजों बाजों के साथ भव्य मंगल हुआ, उक्त कार्यक्रम में जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने शिरकत करते हुए बताया की उक्त मुनि संघ दिल्ली से मथुरा होते हुए देश के विभिन्न शहरों में भ्रमण करता हुआ। धर्म की प्रभावना बढ़ाता हुआ तथा जयपुर के वैशाली नगर में भव्य पंचकल्याणक महोत्सव साआंनद सम्पन्न करवाने के बाद सांगानेर ,रेनवाल,लदाना मोड़ भोजपुरा होता हुआ आज प्रातः काल 8:00 बजे फागी कस्बे की सीमा पर पहुंचा ।जहां पर सारे सकल जैन समाज ने बेंड बाजों के साथ जयकारों के द्वारा संघ की एतिहासिक आगवानी की, कार्यक्रम में चंद्रवीर मंदिर समिति के अध्यक्ष सत्येन्द्र झंडा ने बताया कि उक्त संघ ने चंद्रवीर मंदिर के दर्शन कर मंदिर का अवलोकन किया ओर मंदिर की भव्यता की तारीफ कर मंदिर समिति को मंगलमय आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में फागी अग्रवाल समाज के अध्यक्ष महावीर झंडा तथा सरावगी समाज फागी के अध्यक्ष महावीर अजमेरा ने बताया कि बताया कि श्रावकों द्वारा जगह जगह रंगोलियां बना कर संघ का पाद प्रक्षालन एवं आरती की गई ।फागी पंचायत समिति के पूर्व प्रधान सुकुमार झंडा ने बताया कि संघ की कस्बे में जगह जगह तोरणद्वार बनाये गये तथा शोभायात्रा पर जगह-जगह श्रावकों द्वारा फूलों की बरसात की गई, बाद में जयकारों के साथ उक्त संघ नगर भ्रमण करते हुए आगे पहुंचा तथा मुख्य बाजार में 51 फुट लम्बे और पांच फुट चोडे स्टेज पर श्रावक-श्राविकाओं के द्वारा फूलों की बरसात करते हुए थालियों में पाश्रुक जल के कलशों द्वारा हर मुनिराज का जयकारों के साथ पाद प्रक्षालन किया गया, बाद में उक्त संघ पार्श्वनाथ चैत्यालय पर पहुंचा जहां संघ का सामूहिक रूप से जयकारों के साथ समाज के द्वारा पादप्रक्षालन कर आरती की गई तथा संघ को संत भवन में ठहराया गया बाद में संघ ने चैत्यालय के दर्शन किए उसके बाद आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज ने भरी धर्म सभा को सम्बोधित किया और श्रृद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज फागी वालों का सोभाग्य है कि आज पूरी फागी में फागोत्सव का माहौल नजर आ रहा ओर कहा कि फाग खेलो लेकिन देव, शास्त्र, गुरु की भक्ति को मत छोड़ो, और कहा कि मैंने फागी का नाम बहुत सुना है लेकिन आज फागी में प्रवेश करने पर मालूम हुआ कि चंबल के बिहड़ों में बागी और राजस्थान में फागी प्रसिद्ध है लेकिन फागी बागी नही है ,फागी धर्म प्रभावना, समाज सेवा एवं राजनीति में सबसे आगे हैं ।हमें देव, शास्त्र, गुरु के प्रति समर्पित रहकर धर्म का संरक्षण करना चाहिए, समाज को टूटने से बचाना चाहिए, समाज में एकता होनी चाहिए, अगर देव , शास्त्र ,गुरु पर अंगुली उठे तो हमें कठोर होना पड़ेगा,सभी श्रावकों को समाज में अपनी अपनी जुम्मेदारी निभानी चाहिए।


भगवान महावीर के 2622वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयन्ती तक

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर एवं

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के तत्वावधान में

मुख्य प्रायोजक R K GROUP WONDER CEMENT

सह प्रायोजक ARL Infratech Ltd.

सह प्रायोजक समाचार जगत

श्री दिगम्बर जैन मंदिर चंद्रप्रभजी ट्रस्ट, दुर्गापुरा

श्री चंद्रप्रभ चेरिटेबल संस्था, दुर्गापुरा

श्री दिगम्बर जैन चंदप्रभ महिला मण्डल, दुर्गापुरा, जयपुर द्वारा

रक्तदान जीवन दान

# रक्तदान शिविर

GIVE BLOOD GIVE LIFE

रविवार, 7 अप्रैल 2024

प्रातः 9 से 1 बजे तक

स्थान:- श्री दिगम्बर जैन मंदिर चंदप्रभजी, दुर्गापुरा, जयपुर

क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करे और करवाये।।

दीप प्रज्वलन कर्ता
श्रीमान दिलिप-सुशीला कासलीवाल

मुख्य अतिथि
श्रीमती आशा गर्ग

मुख्य संयोजक
श्रीमती सुशीला-दिलिप कासलीवाल

संयोजक
श्रीमती रितु चांदवाड
श्रीमती रेणु पांड्या

प्रकाश चांदवाड़ अध्यक्ष, राजेन्द्र काला मंत्री — श्री दिगम्बर जैन मंदिर चंद्रप्रभजी ट्रस्ट दुर्गापुरा

रेखा लुहाड़िया अध्यक्ष, रानी सोगानी मंत्री — श्री दिगम्बर जैन चंद्रप्रभ महिला मण्डल

जी सी जैन अध्यक्ष, महावीर कुमार चान्दवाड मानद मंत्री — श्री चंद्रप्रभ चेरिटेबल संस्था दुर्गापुरा, जयपुर

# निर्यापक मुनि श्री योग सागर जी, श्री नियम सागर जी, श्री समता सागर जी सहित चालीस पिच्छिका धारियों का कुण्डलपुर में हुआ प्रवेश

## अगवानी और वात्सल्य मिलन में उमड़ा जनसैलाब

**रत्नेश जैन रागी बकस्वाहा. शाबाश इंडिया**



कुण्डलपुर। दमोह जिले के सुप्रसिद्ध श्री दिगंबर जैन सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर में 16 अप्रैल को आयोजित ₹ आचार्य पद पदारोहण महोत्सव ₹ में शामिल होने के लिए संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य व मुनि संघों का निरंतर कुंडलपुर में भव्य मंगल प्रवेश हो रहा है ।4 अप्रैल गुरुवार को पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ससंघ का मंगल प्रवेश हुआ ।5 अप्रैल को निर्यापक श्रमण मुनि श्री योगसागर जी महाराज ससंघ, निर्यापक श्रमण मुनि श्री नियमसागर जी महाराज ससंघ, निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर जी महाराज ससंघ के साथ ही श्री प्रबुद्धसागर जी , श्री पवित्रसागर जी, श्री पूज्यसागर जी, श्री धर्मसागर जी, श्री महासागर जी, श्री भावसागर जी, श्री आगम सागर जी, श्री निरापदसागर जी , श्री पुनीत सागर जी, श्री निस्कंप सागर जी, मुनि श्री निसिम सागर जी मुनि महाराज, ऐलक श्री धैर्य सागर जी, क्षुल्लक श्री संयम सागर जी तथा आर्यिकारत्न श्री पूर्णमति माताजी , श्री उपशांतमति माताजी , श्री सूत्रमति माताजी ससंघ, श्री साकारमति माताजी ससंघ सहित करीब 40 पिच्क्षिधारी साधु साध्वियों की अगवानी कुंडलपुर की पावन धरा पर भारी श्रध्दालुओं के जनसैलाब के साथ हुई। गाजे-बाजे ढोल नगाड़े, दिव्य घोष की सुमधुर ध्वनि के बीच मुनि संघो का पादप्रक्षालन किया गया। महामहोत्सव समिति की मीडिया समिति के जयकुमार जलज हटा तथा राजेश जैन रागी बकस्वाहा ने बताया कि कुंडलपुर में पूर्व से विराजित सभी साताधिक पिच्छिधारियों - निर्यापक संघ , मुनि संघ, आर्यिका संघों का वात्सल्य मंगल मिलन हुआ तत्पश्चात इस मुनि संघ, आर्यिका संघ सीधे पहाड़ पर स्थित पूज्य बड़े बाबा के मंदिर पहुंचे और पूज्य बड़े बाबा के दर्शन किए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण, कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के पदाधिकारी, सदस्यगण, महोत्सव समिति के प्रभारी सदस्यगण, कुंडलपुर जैन समाज, ब्रह्मचारी भैया जी, दीदी जी, कुंडलपुर स्टाफ की उपस्थिति रही।


भगवान महावीर के 2623वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयन्ती तक

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर एवं

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के तत्वावधान में

मुख्य प्रायोजक R K GROUP WONDER CEMENT

सह प्रायोजक ARL ARL Infratech Ltd.

सह प्रायोजक समाचार जगत

श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन समाज समिति द्वारा

रक्तदान जीवन दान

# रक्तदान शिविर

GIVE BLOOD GIVE LIFE

रविवार 7 अप्रैल 2024
प्रातः 9 से 2 बजे तक

स्थान : वर्धमान भवन, श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन समाज समिति, नेमीसागर कॉलोनी, वैशाली नगर, जयपुर

क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करे और करवाये।।

शिविर उद्घाटनकर्ता
श्रीमती प्रीति चन्द्रा IPS
एसीपी, ट्राफिक एंड एडमिनिस्ट्रेशन

अध्यक्षता
श्री पंकज ओझा RAS
असिस्टेंट कमिश्नर फूड सप्लाई एंड ड्रग कंट्रोलर

मुख्य अतिथि
डॉ. रवि शेखावत
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम

सम्माननीय अतिथि
राखी राठोड़
चेयरमैन उद्यान समिति नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

शिविर पुण्यार्जक
स्व. निर्मला देवी धर्मपत्नि
स्व. श्री राजकुमार पांड्या,
प्रदीप, संजय, अजय पांड्या,
नेमीसागर कॉलोनी

शिविर पुण्यार्जक
श्रीमती संतोष देवी धर्मपत्नि स्वर्गीय
अजय जी बाकलीवाल,
अमित, नीलम, सुमित, निधि, आशीष,
श्वेता बाकलीवाल हनुमान नगर जयपुर

विशिष्ठ अतिथि
श्री सूरज-सीमा, मोहित-सोनाली,
काशवी सेठी नेमीसागर कॉलोनी
श्री सुभाष, गौरव, अनुश्री,
ऋधान अजमेरा नेमीसागर कॉलोनी
श्री लेखराज-आभा, हिमांशु-लावान्या, यशस्वी,
सर्मिद्ध बड़जात्या नेमीसागर कॉलोनी

संयोजक :
जयकुमार–मंजू बड़जात्या, संजय–पूजा जैन पाटनी
पूनम–अनिता ठोलिया, नीरज– कुसुम पहाड़िया,
विकास– निशा कासलीवाल, गौरव–अनुश्री अजमेरा,
नितिन–प्रिया ठोलिया, विपिन–वंदना गोधा
अमित–दीपिका गंगवाल, सौरभ–दीपिका बडजात्या
मोहित–दित्या बडजात्या, रिषभ–अस्मिता बडजात्या

अध्यक्ष : जे.के. जैन (कालाडेरा)
मंत्री : प्रदीप निगोतिया
एवं समस्त कार्यकारिणी,
श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन समाज समिति

# स्वस्तिभूषण माताजी के दर्शन कर कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर ने लिया आशीष

## जो जमीन से जुड़े होते हैं उन्हे अभिमान नहीं होता : स्वस्तिभूषण माताजी



**रामगंजमंडी. शाबाश इंडिया।** श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मे विराजित भारत गौरव गणिनी आर्यिका 105 स्वस्तिभूषण माताजी का मंगल आशीर्वाद लेने क्षेत्रीय विधायक एवम राजस्थान सरकार मे शिक्षा एवम पंचायतीराज कैबिनेट मंत्री श्री मदन दिलावर ने मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया इस अवसर पर शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मे दिगम्बर जैन समाज की और से चेतन बागडिया कमल लुहाडिया राजकुमार गंगवाल निखिलबाकलीवाल धीरज चेलावत महावीर शाह राजकुमार गंगवाल मुकेश बाकलीवाल विकासअग्रवाल सुशील पल्लीवाल प्रदीप सोनी कैलाश टोंग्या मनीष सेठी प्रदीप शाह अभिषेक लुहाडिया आदि ने उनका दुप्पटा माला पहनाकर उनका अभिनन्दन स्वागत किया माताजी ने उन्हे मंगल आशीर्वाद देते हुए सोनागिरी सिद्धक्षेत्र की तस्वीर एवम साहित्य प्रदान किया इस अवसर पर श्री दिलावर ने जैन समाज की पार्षद रूचि चेलावत का भी अभिनन्दन किया। मेरा सोभाग्य है की मै पूज्य माताजी के दर्शन कर रहा हु मदन दिलावर ।इस अवसर पर श्री दिलावर ने कहा की मेरा सोभाग्य है की मई पूज्य माताजी के दर्शन कर रहा हु और आप लोगो के भी दर्शन कर पा रहा हु मै जन्म से जैन नहीं हु कर्मो से जैन हु मै आज यह कह सकता हु मै आज साक्षात भगवान के चरणों मे हु उन्होने कहा मेरी विशुद्धमति माताजी मेरी नजदीकी है और कोटा मे मेने आदित्य सागर महाराज के दर्शन किए तब उन्होने कहा की तुम्हारे विचार मुझसे मेल खाते है आज मै धन्य हो गया जो यहाँ बैठकर मुझे आपके दर्शन का लाभ मिला।

# चंदनबाला महिला मण्डल बापूनगर ने उत्साह के माहौल में मनाया होली स्नेह मिलन

## वर्षीतप आराधक का अभिनंदन, विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन



**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

**भीलवाड़ा।** चंदनबाला महिला मण्डल बापूनगर द्वारा शुक्रवार को उत्साह के माहौल में होली स्नेह मिलन (गेट टू गेदर) समारोह मनाया गया। इस दौरान सदस्यों के लिए विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया ओर सभी के चेहरों पर पर्व की खुशियां छाई हुई थी। सभी सदस्यों ने शुरू में एक-दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाएं दी ओर सबके जीवन में खुशहाली की कामना की। मण्डल की अध्यक्ष आशा चौधरी एवं मंत्री रेखा नाहर के निर्देशन में हाउजी गेम व विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गई। प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय व तृतीय आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। उपाध्यक्ष भावना कर्नावट एवं कोषाध्यक्ष सपना खमेसरा ने बताया कि समारोह में भाग लेने वाले प्रतिभागियों में से पांच लक्की ड्रॉ व दस सरप्राइज गिफ्ट निकाले गए। वर्षीतप की आराधना कर रही सुश्राविका श्रद्धा मेहता के तप की समारोह के दौरान चौबीसी के माध्यम से अनुमोदना की गई एवं चंदनबाला महिला मण्डल बापूनगर की ओर से उनका स्वागत-अभिनंदन किया गया। मण्डल की संरक्षक लीला बाफना ने अध्यक्ष आशा चौधरी एवं मंत्री रेखा नाहर का माल्यापर्ण कर स्वागत किया। होली स्नेह मिलन समारोह के दौरान संरक्षक लीला बाफना, मार्गदर्शक स्नेहलता चौधरी, अंगूरबाला मुणोत, नीता मेहता, विजया मेहता, आशा तातेड़, अनिता सेठिया, हेमलता सियाल, सरिता गुगलिया, संतोष पामेचा, पिंकी कोठारी, पुष्पा बुलिया सहित कई सदस्य उपस्थित थी। सभी का स्वागत मण्डल की अध्यक्ष आशा चौधरी ने किया। आभार मण्डल की मंत्री रेखा नाहर ने जताया।


भगवान महावीर के 2622वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयन्ती तक

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर एवं

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के तत्वावधान में

मुख्य प्रायोजक R K GROUP | सह प्रायोजक ARL | सह प्रायोजक समाचार जगत

J B Distributors द्वारा

विशाल रक्तदान शिविर

शनिवार, 6 अप्रेल 2024
प्रात: 9 से 1 बजे तक

स्थान:- ई-195-ए, कबीर मार्ग, लक्ष्मी प्रकाश गारमेंट्स, मानसरोवर, जयपुर

क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करे और करवाये।।

ORGANISER :
Raj Kumar Jain, Neelam Kumar Jain, Arun Somani
Kishan Somani, Atal Jain, Vishwas Jain, Ankit Jain
Amit Jain, Prateek Jain, Gaurav Jain, Yash Jain

CO-ORDINATOR :
Pradeep, Madhu Sudhan Bihani, Sudhanshu,
Ankit, Gaurav Rathi, Pankaj Godha, Abhishek Godha
Ravi Sogani Mehul Sogani, Ashish Jain, Shrawan Jain

# प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक से अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक तक चल रहा घर-घर मंगलाचार

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** शांति नगर, दुर्गापुरा दिगंबर जैन समाज के द्वारा आदिनाथ भगवान के जन्मोत्सव कल्याणक से महावीर स्वामी की जन्म जयंती तक घर घर मंगलाचार कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से श्रेष्ठी जनों के घरों पर मनाया जा है, इस कार्यक्रम के तहत भक्ति के साथ नमो कार एवं भक्तामर का पाठ किया जाता है। आज का कार्यक्रम श्रेष्ठी श्री शांति जी, रेणु जी, रक्षित जी, वैशाली जी, जक्ष एवं यदन्य जी काला के घर पर संपन्न हुआ जिसमे समाज के गणमान्य धर्म प्रेमी बन्धुओं ने धर्म लाभ प्राप्त किया।



# स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव रहे सर्वोच्च प्राथमिकता, दिशा-निर्देशों की अक्षरश पालना हो

## सामान्य पर्यवेक्षक पवन कुमार ने चुनाव तैयारियों की समीक्षा कर दिए निर्देश। रिटर्निंग अधिकारी नमित मेहता व पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत सहित प्रकोष्ठ प्रभारी रहे मौजूद




**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया**

लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भीलवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक पवन कुमार ने डीओआईटी के वीसी कक्ष से शुक्रवार को चुनाव तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सामान्य पर्यवेक्षक पवन कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित की जाए। आयोग के निर्देशों की शत-प्रतिशत पालना के लिए सभी अधिकारी अपने दायित्वों को गंभीरता से लें और आपसी समन्वय से काम करें। चुनाव कार्यों के बारे में कार्मिकों को स्पष्टता रहे तथा चुनाव गतिविधियों के संपादन के दौरान सभी कार्मिक एक-दूसरे के सहयोग की भावना से टीम को प्रबंधित करते हुए काम करें। उन्होंने कहा कि अवैध नकदी, शराब तथा चुनाव को गलत ढंग से प्रभावित करने वाली सामग्री की सीजर कार्रवाई बढ़ाएं और अवांछित गतिविधियों पर नजर रखें। एफएसटी व एसएसटी दलों द्वारा वाहनों की निगरानी व जांच बढ़ाई जाए। इसी के साथ मतदान दल कार्मिकों व चुनाव के दौरान नियुक्त कार्मिकों को प्रशिक्षण देते हुए उनकी दक्षता को बढ़ाया जाए ताकि सभी निर्वाचन दायित्व बेहतरीन ढंग से संपादित हो सकें। मतदान व मतगणना स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था, मूलभूत सुविधाएं व दिव्यांग व वृद्ध मतदाताओं की सुविधा के लिए रैम्प व स्वयंसेवक आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग तथा ईवीएम के परिवहन, संग्रहण व वितरण के दौरान एवं स्ट्रांग रूम पर सुरक्षा, वीडियोग्राफी व सर्विलांस सहित समुचित प्रबंध किए जाएं। किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इसी क्रम में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा अभ्यर्थियों को निर्वाचन से संबंधित दिशा-निर्देशों की समुचित जानकारी दी जाए। सभी रिकॉर्ड संधारित किए जाएं। रिटर्निंग अधिकारी नमित मेहता ने कहा कि पर्यवेक्षक से प्राप्त निर्देशों की शत-प्रतिशत पालना सुनिश्चित की जाए। आयोग के दिशा-निर्देशों व क्रियान्वयन के बारे में किसी प्रकार का संशय होने की स्थिति में विचार-विमर्श करें और क्लियरिटी रखें। पूर्व अनुभवों को काम लेते हुए सकारात्मक ऊर्जा से काम करें।

# चेटीचण्ड पखवाडे से अंतरर्राष्ट्रीय स्तर पर बन रही है अजमेर की ख्यातिः हाडा



**अजमेर. कासं।** पूज्य झुलेलाल जयन्ती समारोह समिति द्वारा चलाये जा रहे चेटीचण्ड पखवाड़ा महोत्सव के छठे दिन चेटीचंड उत्सव पर हिक शाम झूलण जे नाले, शिव मंदिर धोलाभाटा कॉलोनी अजमेर में पूज्य सिंधी पंचायत के सहयोग से पर पूजा अर्चना कर मनाया गया। इस मौके पर महापौर बृजलता हाडा ने कहा कि झूलेलाल साहिब के भजनों के साथ हो रहे धार्मिक आयोजन से पूरे पखवाडे में शहर के सभी क्षेत्रों में समाज एकजुट हुआ है और देश भर में एकता व भाईचारे का संदेश गया है। संयोजक आसनदास पारवाणी ने बताया कि समिति अध्यक्ष कवंल प्रकाश किशनानी, महापौर बृजलता हाडा, डॉ. प्रियशील हाडा व कोषाध्यक्ष लाल नाथाणी ने आराध्यदेव झूलेलाल की पंच महाज्योति प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया। कलाकार चन्द्रप्रकाश भगत ने अपनी प्रस्तुतियों में आराध्यदेव झूलेलाल की महिमा के साथ भगवान श्रीराम के भजन प्रस्तुत किये। समारोह में पवन साजनाणी, सुरेश मोटवाणी, धर्मेन्द्र सोनी, प्रकाश हासाणी, अनिल आसनाणी, गुलशन मंघाणी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।